कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com; Fax/☎ 05964-225234

पत्रॉकः– 2332 /12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 13, नवम्बर, 2024 ।

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– **जनपद पिथौरागढ़ के राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के अंतर्गत तिलाड़ी से सेरा तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 3.02 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव सं0 46681/2020)।**

सन्दर्भः– **भारत सरकार की पत्र सं0 8बी/यू0सी0पी0/06/79/2021/एफ0सी0/1913 दिनांक 31.03.2023।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र के कम में प्रस्ताव को तिलाड़ी से दुबतड़ तक ही निर्मित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिस कम में प्रस्तावक विभाग द्वारा निम्नवत आख्या प्रस्तुत की गयी है–

"यह मोटर मार्ग सानदेव चौबाटी मुवानी मोटर मार्ग के किमी0 11 से निकलने वाले चौबाटी–तिलाड़ी मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु किमी0 2 से प्रारम्भ होकर तिलाड़ी, दुबतड़, सेरा सुनाली आदि गांवों से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी 414 है। उक्त मोटर मार्ग में दुबतड़, तिलाड़ी के अन्तर्गत छोटे तोक मार्ग से जुड़ रहे हैं। वर्तमान में तिलाड़ी एवं सेरा मोटर मार्ग से संयोजित है, परन्तु लखतीगांव, सेरासुनाली आदि ग्रामों को चौबाटी, मुवानी, डीडीहाट जाने के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग का अन्तिम बिन्दु सेरा सुनाली हरड़कटिया मोटर मार्ग पर जाकर मिलता है, जिसके समीप प्रख्यात अलाईमल मन्दिर स्थापित है। उक्त मन्दिर में दर्शन हेतु श्रृद्धाल वर्षभर आते रहते हैं। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से चौबाटी क्षेत्र एवं लखती गांव क्षेत्र के बीच की दूरी कम होने से स्थानीय जनता को लाभ एवं मन्दिर दर्शन हेतु श्रृद्धालुओं को भी कम दूरी तय करनी पड़ेगी।"

उक्त के अतिरिक्त प्रस्तावित स्थल का वन क्षेत्राधिकारी डीडीहाट एवं प्रस्तावक विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसकी निरीक्षण आख्या संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नः– यथोक्त।

भवदीय,

(आशुतोष सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

<u>संयुक्त निरीक्षण आख्या</u>

आज दिनांक 02.09.2024 को प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ के पत्रांक 3436/12–1 दिनांक 09.01.2024 के क्रम में राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट में तिलाड़ी से सेरा तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसमें लो0नि0वि0 डीडीहाट से कनिष्ठ अभियन्ता मौ0 आमिर सिद्दिकी, वन विभाग से वन दरोगा चौबाटी अनुभाग श्री प्रेम राम, वन बीट अधिकारी श्री रमेश राम उपस्थित रहे।

संयुक्त निरीक्षण में यह पाया गया कि ग्राम तिलाड़ी से पूर्व ग्राम हनिया, पूर्व निर्मित 2.00 किमी0 कच्चे मोटर मार्ग से जुड़ा है। ग्राम तिलाड़ी इस कच्चे मोटर मार्ग के किमी0 2 से प्रस्तावित तिलाड़ी सेरा मोटर मार्ग के किमी0 1.50 पर स्थित है। तिलाड़ी से आगे ग्राम दुबतड़ प्रस्तावित मोटर मार्ग के किमी0 3 पर स्थित है। ग्राम सेरा प्रस्तावित मोटर मार्ग के किमी0 6 पर स्थित है, जिससे आगे 1.00 किमी0 कच्चा मोटर मार्ग निर्मित है।

प्रस्तावित तिलाड़ी से सेरा मोटर मार्ग जो कि दुबतड़ को जोड़ते हुए निर्मित किया जाना है, के निर्माण से चौबाटी, तिलाड़ी, दुबतड़, स्याल्वे, गोबराड़ी, मुवानी, धुमरौली, तड़खेत आदि ग्रामों के ग्रामवासियों एवं पर्यटकों को अलाईमल मन्दिर तक जाने हेतु 12.00 किमी0 कम दूरी तय करनी पड़ेगी।

अतः प्रस्तावित तिलाड़ी सेरा मोटर मार्ग का निर्माण ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु जनहित में कराया जाना उचित प्रतीत होता है।

वनबीट अधिकारी चौबाटी (डीडीहाट)	वन दरोगा चौबाटी अनुभाग (डीडीहाट)	कनिष्ठ अभियन्ता प्रा0ख0, लो0नि0वि0 डीडीहाट

मूल में प्र० व० अ० महोदय को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रसारित प्रेषित।

वन क्षेत्राधिकारी डीडीहाट	c/ AE	अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0, लो0नि0वि0 डीडीहाट

तिलाड़ी से सेरा मोटर मार्ग



AE

सहायक अभियन्ता
प्रा० ख० लो० नि० वि०
डीडीहाट (पिथौरागढ़)

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग
डीडीहाट